# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 23.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, दो हजार तेईस प्रदान किये।
- ग्रुप–सी मैट्रिक और हायर सेकेण्डरी स्तर के चयनित उम्मीदवारों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल के द्वारा 4जी नेटवर्क की शुरूआत के बाद से ग्राहकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।
- पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, दो हजार तेईस प्रदान किये। यह पुरस्कार नौ श्रेणियों में अड़तीस विजेताओं को दिए गये। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समुदाय शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जलजीवन मिशन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ओडिशा को, द्वितीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश को और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से गुजरात और पुदुचेरी को दिया गया। प्रशस्ति पत्र, एक ट्रॉफी तथा नकद धनराशि दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा नौ जुलाई को प्रशासन के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों के लिए ग्रुप–सी मैट्रिक स्तरीय लिखित परीक्षा ली गई थी। चयनित उम्मीदवारों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। कुल पांच सौ सत्तानब्बे रिक्तियों में से चार सौ बहत्तर पदों को भरा गया है। एक सौ पच्चीस पद रिक्त हैं। हायर सेकेण्डरी स्तर के कुल नब्बे चयनित उम्मीदवारों की सूची के साथ ही प्रतीक्षा सूची के सत्तर उम्मीदवारों की भी सूची जारी कर दी गई है।

<><><><><><><>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल के द्वारा 4जी नेटवर्क की शुरूआत के बाद से ग्राहकों की संख्या पिछले छह महीनों में पचहत्तर लाख से बढ़कर एक करोड़ अस्सी लाख हो गई है। कल नई दिल्ली में बीएसएनएल के नए लोगो और सात नई सेवाओं का उद्घाटन करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि भारत विश्व के उन छह देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अपना 4जी नेटवर्क विकसित किया है और जल्दी ही इसे 5जी नेटवर्क में बदला जाएगा। बीएसएनएल का नया लोगो विकास, पहुंच और विश्वास का प्रतीक है। श्री सिंधिया ने सात नई सेवाओं का शुभारंभ किया जिनमें– स्पैम–मुक्त नेटवर्क, राष्ट्रीय वाई–फाई रोमिंग, इंट्रानेट फाइबर टीवी, एनी टाइम सिम कियोस्क, डायरेक्ट–टू–डिवाइस सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा राहत तथा खादानों में पहला निजी 5जी नेटवर्क हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा नौ जुलाई को प्रशासन के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों के लिए ग्रुप–सी मैट्रिक स्तरीय लिखित परीक्षा ली गई थी। नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग में अंतिम चयन सूची में शामिल वेटमैन और बहु–उद्देशीय कर्मियों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों को कल सुबह दस बजे विभाग में अपने मूल दस्तावेजों और प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><><><>

स्कूल के कार्यों में सुधार और छात्रों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैम्पबेल बे के गांधी नगर माध्यमिक विद्यालय में कल एक दिवसीय स्कूल प्रबंधन और विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी शिक्षक अजय सेठ ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए समिति के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने आर टी आई के प्रावधानों, व्यक्तिगत स्वच्छता, अनुदानों को सुनिश्चित करने, सामाजिक सुरक्षा और तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी दी।

<><><><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी द्वारा हाल ही में ऑस्टिनाबाद के आंगनवाड़ी केंद्र में दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी के कार्यक्रम प्रबंधक जी. कोटेश्वर राव ने दत्तक ग्रहण के बारे में आम मिथकों और गलत धारणाओं के विषय में बताया, जो दत्तक ग्रहण के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने में मदद करती है। बालिका निकेतन की प्रभारी सुलता समद्दार ने दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और निरंतर मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में विशेष दत्तक ग्रहण एजेन्सी के कामकाज के बारे में बताया। राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी की कार्यक्रम अधिकारी टी. धर्मिला ने दत्तक ग्रहण से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आम जनता को सुझाव दिया गया कि यदि उनके समुदाय में कोई बच्चा गोद लेने के इच्छुक हो, तो उसकी सूचना समाज कल्याण निदेशालय के कमरा नंबर– तीन सौ आठ को दें।

<><><><><><><><><>

पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके पश्चिम–उत्तर–पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए आज इसके चक्रवात में बदलने की संभावना है। यह चक्रवात कल उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा। इस दौरान हवा की गति एक सौ दस किलोमीटर प्रतिघंटे से बढ़कर एक सौ बीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहेगी। आज सुबह साढ़े पांच बजे तक

श्री विजयपुरम और इसके आस–पास के क्षेत्रों में चौरासी दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। श्री विजयपुरम बंदरगाह में खतरे का संकेत नम्बर–तीन लगा दिया गया है।

<><><><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा खराब चक्रवाती मौसम के चलते श्री विजयपुरम के बन्दरगाहों पर खतरे का संकेत नम्बर–तीन लगाए जाने के कारण किसी भी समय अन्तरद्वीपीय जलयानों के यात्रा कार्यक्रमों को रद्द या इसमें फेरबदल किया जा सकता है। इसी प्रकार के मौसम को देखते हुए चाथम–बम्बूफ्लाट, डंडस प्वाइंट, होपटाउन और फिनिक्स–बे जेट्टी से चलने वाले जलयानों को भी स्थगित किया जा सकता है। यात्रियों तथा पर्यटकों से कहा गया है कि वे मौसम को देखते हुए अपनी यात्रा कार्यक्रम निर्धारित करें। अधिक जानकारी के लिए फोन संख्या– शून्य तीन एक नौ दो–दो चार पांच पांच पांच पांच अथवा दो तीन दो सात एक चार पर फोन किया जा सकता है।

<><><><><><>

मायाबंदर के पिनाकी नगर में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत कल सरकारी ज़मीन से दो अनाधिकृत अस्थाई ढ़ांचे को हटाया गया। साथ ही पांच हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को भी अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। यह अभियान प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को रोकने और सार्वजनिक भूमि को अनाधिकृत कब्ज़े से बचाने के लिए जारी प्रयासों का एक हिस्सा है।

<><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–गुर्दे का रोग, समस्या और समाधान। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. शिवराम श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या–दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><>

मत्स्य निदेशालय और राष्ट्रीय महासागर प्रौद्यागिकी संस्थान की ओर से आज चिड़ियाटापू में समुद्री शैवाल निदर्शन परियोजना का उद्‌घाटन मुख्य सचिव के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े आठ बजे आरंभ होगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>